**Regarding Need to establish a convention centre in North-West Delhi Parliamentary Constituency-laid**

**श्री योगेन्द्र चांदोलिया (उत्तर-पश्चिम दिल्ली) :** उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में एक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण किया जाना चाहिए । जैसा कि हम सभी जानते हैं कि केंद्र सरकार ने द्वारका में भव्य यशोभूमि का निर्माण किया है, जो विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बन गया है । इस प्रतिष्ठित परियोजना से प्रेरित होकर, मुझे दृढ़ता से लगता है कि निर्वाचन क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्तर पश्चिमी दिल्ली में भी इसी तरह के कन्वेंशन सेंटर की आवश्यकता है । यह केंद्र न केवल सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए एक मंच प्रदान करेगा, बल्कि आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगा, रोजगार के अवसर पैदा करेगा और क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगा । उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश में सबसे घनी आबादी वाला क्षेत्र है । इसलिए मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में एक कन्वेंशन सेंटर के निर्माण किया जाना चाहिए, जिससे यहां के निवासियों को बहुत लाभ होगा, आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा ।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस कन्वेंशन सेंटर के निर्माण के लिए तत्काल आवश्यक भूमि और धनराशि आवंटित की जाए ।